






## ग्राम धनेरिया कला से एक भारत, आत्मनिर्भर भारत, यूनिटी मार्च पदयात्रा का शुभारंभ

**नीमच। देश के प्रधानमंत्री ी नरेन्द्र मोदी, लोहपुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल के आदर्शो पर चलकर, आत्मनिर्भर भारत बनाने के लिए दृढ़ संकल्पित है। यह बात नीमच, जावद, मंदसौर क्षेत्र के सांसद सुधीर गुप्ता ने सोमवार को सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती पर ग्राम धनेरिया कलां से आयोजित एक भारत, आत्मनिर्भर भारत यूनिटी मार्च पदयात्रा के शुभारंभ समारोह को मुख्य अतिथि के रूप में सम्बोधित करते हुए कही।**





इस मौके पर विधायक ओमप्रकाश सखलेचा, दिलीप सिह परिहार, नीमच न.पा.अध्यक्ष स्वाति चौपड़ा, जिला अध्यक्ष वंदना खण्डेलवाल, जनपद अध्यक्ष श्रीमती शारदा बाई धनगर, पूर्व जनपद अध्यक्ष उमराव सिह गुर्जर, पूर्व न.पा.अध्यक्ष श्री राकेश जैन, न.पा.के पूर्व उपाध्यक्ष महेन्द्र भटनागर, हेमन्त हरित, मोहन सिह राजावत, विश्वास सहित अन्य जनप्रतिनिधि, पार्षदगण, त्रि-स्तरीय पंचायतों के पदाधिकारी, जि.प.सीईओ अमन वैष्णव, एसडीएम संजीव साहू व अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

कार्यक्रम को विधायक दिलीप सिह परिहार, वंदना खण्डेलवाल ने भी सम्बोधित किया। जि.प.सीईओ श्री वैष्णव ने कार्यक्रम आयोजन के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की।

प्रारंभ में अतिथियों ने माँ सरवस्ती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। तदपश्चात धनसिह केथवास, दीपक नागदा, सरपंच राजेश अजमेरा ने अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन श्री आदित्य मालू ने किया। अत: में विधायक श्री दिलीप सिह परिहार ने उपस्थित जन समुदाय को एकता की शपथ एवं स्वदेशी अपनाने की सामुहिक शपथ भी दिलाई।

कार्यक्रम स्थल धनेरिया कला से सांसद सुधीर गुप्ता के नेतृत्व में विशाल यूनिटी मार्च पदयात्रा प्रारंभ हुई, जो धनेरियाकला से प्रारंभ होकर बघाना रेल्वे स्टेशन, श्री वीर सावरकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण पश्चात श्री सीताराम जाजू कन्या महाविद्यालय पहुंची।

इस पदयात्रा में सांसद, विधायक, पार्षदगण, जनप्रतिनिधि, पंचायतों के पदाधिकारी, एन.सी.सी., एन.एस.एस., स्काउट के विद्यार्थियों, जन अभियान परिषद की समिति के सदस्यगणों, स्वयं सेवी संस्थाओं के प्रतिनिधियों, महिलाओं, अधिकारी, कर्मचारियों आदि सभी वर्गो के लोगो ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। दस किलोमीटर लम्बी इस पदयात्रा के दौरान श्री सीताराम जाजू कन्या महाविद्यालय नीमच में मातृशक्ति सम्मेलन एवं भारत माता चौराहे नीमच पर युवा सम्मेलन एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित हुए। पदयात्रा के दौरान, सुन्दरम गार्डन में सामाजिक समरसता सम्मेलन एवं अम्बेडकर चौराहा नीमच पर किसान एवं व्यापारी सम्मेलन के साथ ही पद यात्रा का समापन हुआ।

## डीएम द्वारा आगामी त्यौहारों के मद्देनजर जिलों में प्रतिबंध आदेश जारी

▸ **सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक संदेश, फोटो, वीडियों लाईक शेयर, फारवर्ड करने पर प्रतिबंध-रहेगा**

**नीमच।** जिला दण्डाधिकारी श्री हिमांशु चंद्रा द्वारा नीमच जिले में आगामी त्यौहारों को दृष्टिगत रखते हुए भारतीय नागरिक सुरक्षा तहत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया गया है। इसके तहत कोई भी व्यक्ति सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्म जैसे फेसबुक, व्हाट्सएप (ङ्ग) एक्स, इंस्ट्राग्राम हाईक एसएमएस टेलीग्राम एंव अन्य सोशल मीडिया साईड आदि का दुरुपयोग कर धार्मिक, सामाजिक जातिगत भावनाओं एवं विद्वेष को भड़काने के लिए किसी भी प्रकार के संदेशों का प्रसारण नहीं करेंगा।

कोई भी व्यक्ति सोशल मीडिया के किसी भी प्लेटफार्म में किसी भी प्रकार के आपत्तिजनक एवं उन्माद फैलाने वाले संदेश, फोटो, विडियो ऑडियो इत्यादि जिससे धार्मिक, सामाजिक, जातिगत आदि भावनाएं भड़क सकती है या साम्प्रदायिक विद्वेश पैदा हो सकता है, उसे प्रसारित नहीं करेगा। सोशल मीडिया के किसी भी पोस्ट जिसमें धार्मिक साम्प्रदायिक एवं जातिगत भावनाएं भड़कती हो, को कमेन्ट लाईक, शेयर या फॉरवर्ड नहीं करें तथा ग्रुप एडमिन की यह व्यक्तिगत जिम्मेदारी होगी, कि वह ग्रुप में इस प्रकार के संदेशों को रोके।

कोई भी व्यक्ति सामुदायिक, धार्मिक, जातिगत विद्वेष फैलाने या लोगो अथवा समुदायिक के बीच घृणा, वैमनस्यता पैदा करने या दुष्प्रेरित करने या उकसाने या हिंसा फैलाने का प्रयास उपरोक्त माध्यमों से नहीं करेगा और न ही इसके लिए किसी को प्रेरित करेंगा। किसी भी व्यक्ति या समुदाय द्वारा सोशल मीडिया साईड पर कोई पोस्ट, संदेश प्रसारित किया जाता है, तो उसकी पुष्टि उपरांत ही आगे शेयर और फॉरवर्ड किया जा सकेगा।

नीमच जिले की सीमा में किसी भी साईबर कैफे के स्वामी, संचालक द्वारा किसी भी अंजान व्यक्ति जिसका परिचय किसी विश्वसनीय प्रमाण पत्र जैसे परिचय पत्र, मतदाता पहचान पत्र, राशन कार्ड, ड्राइविंग लायसेंस, पासपोर्ट फोटो युक्त पैनकार्ड या ऐसे अन्य ही साक्ष्य से प्रमाणित न हो, को साइबर कैफे का उपयोग न करने दिया जावे।

साईबर कैफे के स्वामी/संचालक द्वारा समस्त आगन्तुकों/प्रयोगकर्ताओं का रजिस्टर रखा जाना आवश्यक है, जिससे उनका हस्तलिखित नाम, पता,दूरभाष नंबर तथा परिचय का प्रमाण पत्र अंकित हो इसके बिना साईबर कैफे का प्रयोग वर्जित होगा। साईबर कैफे में बिना वेब कैमरा लगाये, जिसमें आगन्तुकों / प्रयोगकर्ताओं की फोटो खीची जा सके तथा उसका अभिलेख सुरक्षित रखा जावे।

विभिन्न मोबाईल कंपनियों, विक्रेताओं द्वारा बिना आवश्यक दस्तावेजों के सिम वितरित करने पर प्रतिबंध रहेगा। कोई भी मकान मालिक एवं व्यापारिक प्रतिष्ठान के मालिक, प्रबंधक अपने मकान या संस्थान को उस समय तक किराए पर नहीं देंगे, जबतक कि किरायेदार का पूर्ण विवरण संबंधित क्षेत्र के थाना प्रभारी को प्रस्तुत नहीं कर देते।

### एक नजर में

### सरदार पटेल की प्रतिमा पर सांसद, विधायक एवं कलेक्टर ने किया माल्यार्पण



**नीमच।** श्री सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में सी.आर.पी.गेट नीमच पर लौह पुरूष सरदार श्री वल्लभभाई पटेल की प्रतिमा पर सोमवार को आयोजित कार्यक्रम में सांसद सुधीर गुप्ता, पूर्व मंत्री एवं जावद क्षेत्र के विधायक श्री ओमप्रकाश सखलेचा, नीमच क्षेत्र के विधायक दिलीप सिह परिहार एवं कलेक्टर श्री हिमांशु चंद्रा ने देश की अखण्डता एवं एकता में लोह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल के योगदान का स्मरण करते हुए उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ अमन वैष्णव, एसडीएम संजीव साहू, जिला अध्यक्ष वंदना खण्डेलवाल, सांसद प्रतिनिधि सत्यनारायण गोयल, श्री नीलेश पाटीदार,संतोष चौपड़ा, पार्षदगण, जनप्रतिनिधिगण एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे।

### कर्नाटक के राज्यपाल गेहलोत आज हर्खियाखाल आएंगे

**नीमच।** कर्नाटक के राज्यपाल श्री थावरचंद गेहलोत, मंदसौर से सड़क मार्ग से प्रस्थान कर 11 नवम्बर को दोपहर 12.30 बजे हर्खियाखाल बालाजी मंदिर पहुंचकर, दर्शन करेंगे। आप हर्खियाखाल बालाजी मंदिर से दोपहर 1.25 बजे ग्राम हनुमंत्या व्यास पहुंचकर जितेन्द्र ओमप्रकाश यादव के निवास पर भेटकर, दोपहर 2.30 बजे हनुमंत्या व्यास से होरी हनुमान मंदिर शोली प्रतापगढ़ के लिए प्रस्थान करेंगे।

### आपरेशन मुस्कान के तहत 17 वर्ष की नाबालिग बालिका दस्तयाब



**नीमच।** जिले के सभी थाना प्रभारीयों को गुम नाबालिग बालक-बालिकाओ की दस्तयाबी हेतु आपरेशन मुस्कान के तहत निर्देश दिये गये है जिसके पालन मे थाना सिटी की विशेष टीम को गुमशुदा 17 वर्ष की नाबालिग बालिका को दस्तयाब करने में महत्त्वपूर्ण सफलता मिली है। घटना का संक्षिप्त विवरण- दिनांक 08.11.2025 को सूचनाकर्ता द्वारा अपनी पुत्री नाबालिग बालिका के अपहरण होने की रिपोर्ट दर्ज करायी थी रिपोर्ट पर से थाना नीमच सिटी पर अपराध धारा 137(2) बीएनएस का पंजीबद्ध किया जाकर विवेचना मे लिया गया। थाना नीमच सिटी की एक विशेष टीम का गठन कर गुमशुदा की तलाश हेतु लगाया गया। पुलिस टीम के द्वारा तकनीकी साक्ष्यों की मदद से निरंतर संभावित स्थानो पर अपहर्ता की तलाश करते व्यवसायिक कौशलता का उपयोग कर नाबालिग बालिका को दिनांक 10.11.2025 को दस्तयाब किया।

### पर्यावरण बचाने हेतु आज कलेक्टर को दिया जाएगा ज्ञापन



**नीमच।** वृक्ष हमारे जीवन मित्र हैं जो जीवन भर जीने के लिए हमें शुद्ध वायु ऑक्सीजन प्रदान करते हैं, बढ़ते तापमान, ग्लोबल वार्मिंग, ग्लेशियर का पिघलना, प्राकृतिक आपदाओं, प्रदूषित वातावरण को रोकने हेतु पर्यावरण की महती भूमिका है वर्तमान परिप्रेक्ष्य में देखा जाए तो नीमच शहर ही नहीं बल्कि जिले भर में विभिन्न स्थानों पर बिना अनुमति के रोजाना कहीं न कहीं हरे भरे लहलहाते भारी भरकर पेड़ों को स्वार्थ की खातिर निर्दयतापूर्वक खुलेआम आरी से काटा जा रहा, शासन प्रशासन, नगरपालिका, पंचायतों, नगर पंचायतों,वन विभाग द्वारा कोई ठोस कार्रवाई नहीं होने से शहर से गांव तक बिना अनुमति के अवैध रूप से पेड़ों की कटाई कर लकड़ियों की बंदरबांट हो रही है, यदि इसी तरह पेड़ कटते रहे तो आने वाला समय प्राणी जगत के लिए ख़तरनाक साबित होगा, पर्यावरण हमारे जीवन की महति आवश्यकता है इसे बचाना हम सभी का दायित्व है। इसी उद्देश्य को लेकर संकल्प पर्यावरण मित्र संस्था नीमच द्वारा आज मंगलवार दिनांक 11 नवंबर को दोपहर 12.30 बजे जिला कलेक्टर नीरज को मुख्यमंत्री, राज्यपाल, एवं पर्यावरण मंत्री के नाम संकल्प पर्यावरण मित्र संस्था नीमच के नेतृत्व में ज्ञापन सौंपा जायेगा

### 18 नवंबर को नीमच में मनाया जाएगा यादव शौर्य दिवस

**नीमच।** अहीर यादव नारायणी सेना द्वारा आगामी 18 नवंबर को यादव शौर्य दिवस के अवसर पर नीमच टाउन हॉल परिसर में एक भव्य आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर भव्य वाहन रैली निकाली जाएगी, जिसके पश्चात प्रदेश स्तरीय पदाधिकारी समाज के युवाओं को प्रशिक्षण शिविर के माध्यम से यह बताएंगे कि समाज को एकजुट कर कैसे आगे बढ़ाया जाए। कार्यक्रम में यदुवंशी भगवान श्रीकृष्ण के वंशजों के गौरवशाली इतिहास पर विस्तार से प्रकाश डाला जाएगा।

## वंदे मातरम गान के 150 वर्ष पूर्ण होने पर जन अभियान परिषद द्वारा कार्यक्रम

**नीमच।** मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम कक्षा आयोजन के अंतर्गत राष्ट्रगीत वंदे मातरम की रचना के 150 वी वर्षगांठ के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन विकासखंड नीमच, जावद एवं मनासा में किया गया जिसके अतर्गत नीमच में जिला समन्वयक वीरेंद्र सिंह ठाकुर और मेंटर्स दीपक नागदा द्वारा उपस्थित छात्रों को राष्ट्रगीत वन्देमारम की स्वतंत्रता आंदोलन में भूमिका पर प्रकाश डालते हुए, स्वतंत्रता आंदोलन की पहचान बने वंदे मातरम जानकारी प्रदान की गई।



इसके उपरांत विद्यार्थियों से संवाद और ब्लॉक जावद में परामर्शदाता बैठक की गई जिसमें कक्षाओं में विद्यार्थियों की उपस्थित और फील्ड वर्क विषयों पर चर्चा हुई। इस दौरान ब्लॉक समन्वयक और परामर्शदाता उपस्थित रहे। विकासखंड मनासा में शासकीय महाविद्यालय मनासा में किया गया।

अपने प्रेरणादायक संबोधन में महेन्द्र पाल सिंह भाटी ने कहा कि वंदे मातरम केवल एक गीत नहीं, बल्कि यह भारत माता की आराधना और राष्ट्रभक्ति का प्रतीक है। यह गीत हमें एकता, समर्पण और देश के प्रति प्रेम का संदेश देता है। उन्होंने युवाओं से समाज सेवा और राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।

प्रहलाद धनगर परामर्शदाता ने अपने उद्बोधन में कहा कि वंदे मातरम गान हम सभी के हृदय में देशभक्ति का जोश जगाता है। मातृभूमि के प्रति समर्पण ही सच्चा राष्ट्र धर्म है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन युवाओं में राष्ट्रीय चेतना और सामाजिक जिम्मेदारी की भावना को मजबूत बनाते हैं। कार्यक्रम का संचालन परामर्शदाता कुसुम चौहान द्वारा किया गया, इस अवसर पर समस्त परामर्शदाता सहित जन अभियान परिषद से जुड़े समस्त सी.एम.सी. एल.डी.पी. के छात्र एवं छात्राये उपस्थित रहे। कार्यक्रम में उपस्थित विद्यार्थियों और कार्यकर्ताओं ने एक स्वर में वंदे मातरम का सामूहिक गान किया, जिससे पूरे परिसर में राष्ट्रभक्ति का वातावरण गूंज उठा। विकासखण्ड जावद में में मातृभूमि के प्रति हमारी सामूहिक चेतना का प्रतीक राष्ट्गीत वंदे मातरम की पृष्ठभूमि और प्रभाव पर भी चर्चा की गई। इस अवसर पर जिला समन्वयक श्री वीरेंद्र सिंह ठाकुर एवं विकासखंड समन्वयक श्रीमती अर्चना भट्ट उपस्थित रहे।



### सिंह राजपूत सामाजिक संगठन महिला विंग का दीपावली मिलन समारोह राष्ट्रीय सेवा की शपथ के साथ संपन्न

**मंदसौर।** राजपूत सामाजिक संगठन महिला विंग का दीपावली मिलन समारोह जिला राजपूत समाज महिला विंग के अध्यक्ष दुर्गेश कुंवर भाटी प्रभारी प्रदेश करणी सेवा परिवार की अध्यक्ष, संभाग प्रभारी श्रीमती उमा कंवर राणावत मंदसौर जिला अध्यक्ष करणी सेना परिवार की उपस्थिति में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत महिला विंग के अध्यक्ष सीमा कुशवाह, उपाध्यक्ष सपना सिंह चंदेल, कोषाध्यक्ष सपना तोमर, मीडिया प्रभारी किरण सेंगर व कार्यकारिणी के सभी सदस्यों ने स्वागत किया एवं इस मिलन समारोह में विशेष बात यह रही की राजपूत समाज की बच्चियों ने कार्यक्रम के पूर्व तलवारबाजी के साथ ही राष्ट्रीय सेवा के लिए कार्य करने की शपथ ली।

इस अवसर पर जिला राजपूत समाज के अध्यक्ष कुंवर दुर्गेश कुंवर भाटी द्वारा अपने उद्बोधन में कहा कि आज एकजुटता के साथ कार्य करने का समय आ चुका है। समस्त राजपूत भाई एवं परिवार सब एक ही है। पूरे भारत में राजपूत का गौरवशाली इतिहास आज भी बड़े सम्मान के साथ लिया जाता है, इस सम्मान को बचाए रखने में मातृशक्ति का बहुत बड़ा योगदान है। राजपूत परंपरा संस्कृति शिक्षा सेवा सहयोग पर आधारित है हमारे परिवार के बच्चे आज भी सेवा में जाने के लिए आतुर रहते हैं हमारे समाज की मातृभूमि की रक्षा के लिए सेना में भेजने में गौरव समझती हैं अपने कलेजे के टुकड़े को राष्ट्र सेवा में सम्मिलित करना बहुत बड़ी बात है।

## ई अटेंडेंस को लेकर सफाई कर्मचारी झेल रहे भारी परेशानी

▸ **सफाई कर्मचारी संगठनों ने ज्ञापन देकर ई अटेंडेंस कार्य स्थल पर ही लगाने की मांग की**



**मन्दसौर।** सफाई कर्मचारियों की नगरपालिका में ई अटेंडेंस में आ रही परेशानियों के संबंध में एक ज्ञापन सफाई कर्मचारी के संगठनों ने मुख्य नगरपालिका अधिकारी मंदसौर श्रीमती अनिता चोकोटिया को देकर ई अटेंडेंस बंद कर पूर्व अनुसार हाजरी लेने या कार्यस्थल पर दरोगा के यहां ई अटेंडेंस देने की सुविधा उपलब्ध कराने की मांग की।

राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी मजदूर यूनियन के उज्जैन संभाग अध्यक्ष प्रकाश तंवर, वाल्मीकि समाज पटेल मुकेश चनाल, नपा कर्मचारी संघ के पूर्व अध्यक्ष बसंत परमार द्वारा दिये गये ज्ञापन में कहा कि नगरपालिका परिषद मंदसौर कार्यालय में नये प्रावधानों के तहत सफाई कर्मचारियों की ई अटेंडेंस ली जा रही है। जिसमें कई परेशानियां आ रही हैं जिसमें प्रमुख रूप से ई अटेंडेंस के सफाई कर्मचारियों को पहले नगरपालिका आना पड़ता है उसके बाद वह अपने ड्यूटी स्थान पर जाकर काम करते है। इस व्यवस्था से सफाई कर्मचारियों को सुबह दो चक्कर व शाम को दो चक्कर लगाने पड़ रहे है। जिससे उनको समय काफी लग रहा है। साथ ही ई अटेंडेंस के लिये मोबाइल की आवश्यकता होती है। जिन महिला व पुरूष कर्मचारियों के पास मोबाइल नहीं है उनको काफी परेशानी हो रही है। उन्हें अन्य मोबाइल वालों का इंतजार करना पड़ता है जब तक किसी का मोबाइल नहीं मिलता तब तक वह नगरपालिका में ही भटकती रहती है तथा कार्य स्थल पर भी देरी से पहुंचती है। अगर उसकी ई अटेंडेंस नहीं लगती है तो उसकी गैर हाजरी लग जाती है। जिससे उसको आर्थिक नुकसान पहुंचता है। व सफाई कर्मचारियों को अपने कार्य के लिये दिन में अनावश्यक रूप से नगरपालिका के चक्कर लगाने पड़ते है तथा जिससे कार्यस्थल जो कि नगरपालिका से 3-4 कि.मी. दूर से अभिनंदन नगर, मेघदूत नगर, किटीयानी, संजीत रोड़, खानपुरा जाना पड़ता है जिनके पास वाहन नहीं है उन्हें काफी समय इन सबमें लगता है। निवेदन है कि उक्त समस्या का समाधान करते हुए या तो ई अटेंडेंस को समाप्त कर पूर्ववत ही हाजरी ली जाये या फिर ई अटेंडेंस की व्यवस्था उस क्षेत्र के दरोगा स्तर पर की जाए जिससे परेशानी से निजात मिल सके।

इस अवसर पर सफाई कर्मचारी सुरेश खोखर, मनोज बोयत, गोविन्द लावरे, कांताबाई, शीलाबाई कंडारे, मुकेश, भरत, मनोहर, दिलीप, निशा खेरालिया, संजय मकवाना, निर्मला संजय, सीमा, पुष्पा, अनिता, बबली, संगीता, अनिता डाकर, सीमा, लीलाबाई, गुड्डीबाई, मंगलाबाई, चंदाबाई, जीवन, संजय, श्रवण, रोड़ीराम सहित अनेक कर्मचारी उपस्थित रहे।

**एक नजर** ▸ **यूनिटी मार्च के दौरान जाजू कालेज में महिला सम्मेलन संपन्न**

## प्रदेश सरकार महिला सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध हैं : सखलेचा

**नीमच।** लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में सोमवार को सांसद सुधीर गुप्ता के नेतृत्व में धनेरिया कला से नीमच शहर तक वृहद यूनिटी मार्च पदयात्रा आयोजित की गई। एक भारत, आत्मनिर्भर भारत पदयात्रा के दौरान शासकीय जाजू कन्या महाविद्यालय नीमच में सांसद श्री सुधीर गुप्ता, जावद विधायक ओमप्रकाश सखलेचा, नीमच विधायक दिलीप सिह परिहार, जनपद अध्यक्ष शारदाबाई धनगर, नीमच न.पा.अध्यक्ष श्रीमती स्वाति चौपड़ा एवं जिला अध्यक्ष श्रीमती वंदना खण्डेलवाल की उपस्थिति में महिला सम्मेलन तथा भारतमाता चौराहे पर युवा सम्मेलन आयोजित किया गया। सम्मेलन में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधिगण, पार्षदगण, त्रिस्तरीय पंचायतों के पदाधिकारी, युवा एवं बडी संख्या में मातृशक्ति तथा आमजन उपस्थित थे।




सांसद श्री सुधीर गुप्ता ने अपने उदबोधन में कहा, कि केंद्र एवं प्रदेश की डबल इंजन की सरकार महिलाओं एवं युवाओं के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होने कहा,कि लौह पुरूष पटेल युवाओं के आईकॉन है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी भी सरदार श्री वल्लभ भाई पटेल को अपना आर्दश मानकर कार्य कर रहे है। देश में एक लाख स्व सहायता समूहों से अनेको महिलाएं जुड़ी है, लखपति दीदी, बैंक सखी, ड्रोन दीदी बनकर, आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन रही है।

जावद क्षेत्र के विधायक श्री ओमप्रकाश सखलेचा ने कहा,कि सरदार वल्लभ भाई पटेल ने देश की अखण्डता एवं एकता के लिए जो कार्य किया है, वह हमेशा याद रहेगा। महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए प्रदेश सरकार ने विशेष ध्यान दिया है। लाड़ली लक्ष्मी, लाड़ली बहना, जैसी कल्याणकारी योजनाएं मॉ, बहनों का सम्मान बढ़ा रही है। विधायक दिलीप सिह परिहार ने कहा, कि भारत को आत्मनिर्भर बनाने में युवा शक्ति की अहम भूमिका है, युवाओं को स्वामी विवेकानंद जी के आर्दशों पर चलकर आगे बढ़ना है। उन्होने कहा, कि सरकार ने नौकरियों में महिलाओं को आरक्षण का लाभ दिया है। साथ ही नगरीय निकायों और पंचायतों के निर्वाचन में महिलाओं को आरक्षण देकर सत्ता में उन्हें भागीदार बनाया है। मातृशक्ति आज हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही है। कार्यक्रम को नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती स्वाति चौपड़ा एवं श्रीमती वंदना खण्डेलवाल ने भी सम्बोधित किया। इस अवसर पर विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने सरदार श्री पटेल के अखण्ड भारत निर्माण पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए। प्रारंभ में अतिथियों ने मॉ सरस्वती की प्रतिमा एवं भारत माता की मूर्ति पर माल्यार्पण किया। कार्यक्रम का संचालन श्री आदित्य मालू, श्री राकेश जैन एवं श्री हेमन्त हरित ने किया। इस अवसर पर श्री मोहनसिह राणावत, श्री नरेन्द्र मालवीय, श्री निलेश पाटीदार एवं जनप्रतिनिधि, पार्षदगण, महिला जनप्रतिनिधि, त्रिस्तरीय पंचायतों के पदाधिकारी तथा बड़ी संख्या में मातृशक्ति एवं युवाशक्ति, उपस्थित थी।